**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 08.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर कहा कि वंचित और गरीब वर्ग का उत्थान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।
2. लोक प्रसारक के रूप में आकाशवाणी ने जनसेवा और विश्वास के नब्बे गौरवशाली वर्ष पूरे किए।
3. फरारगंज विकास खंड के छोलदारी में खेत बचाओं अभियान के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. अंडमान–निकोबार रोइंग एसोसिएशन 13 जून को सिप्पीघाट में चयन ट्रायल का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हित में सरकार की 12 वर्ष की विकास यात्रा का उल्लेख किया है। श्री मोदी ने आज कहा कि इस दौरान देश कई बदलावों का साक्षी बना तथा गरीब कल्याण और वंचित वर्ग इन बदलावों के केंद्र बिंदु में रहा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय हमेशा से सरकार के लिये प्रेरणा स्रोत रहा और यही कोशिश रही कि विकास का लाभ दशकों से पीछे छूट गये लोगों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन धन खाता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी हर पहल का उद्देश्य लोगों के लिये गरिमा और अवसर सुनिश्चित कर रहा है। निर्धनों का जीवन स्तर बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><><>

लोक प्रसारक के रूप में आकाशवाणी के भरोसे और जनसेवा के आज गौरवशाली 90 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्ष उन्नीस सौ छत्तीस में आज के ही दिन इंडिया स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस को ऑल इंडिया रेडियो नाम दिया गया था। यह दिवस देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में विशिष्ट अवसर के रूप में अंकित है, जिससे पीढ़ियों तक राष्ट्र की चेतना से जुड़ने वाली वाणी का अभ्युदय हुआ। आजादी के बाद ऑल इंडिया रेडियो का तेजी से विस्तार हुआ और उन्नीस सौ छप्पन में इसे आकाशवाणी का नाम दिया गया। आज आकाशवाणी के पांच सौ इक्यानबे केंद्र कार्यरत हैं जिनसे 23 भाषाओं और एक सौ छियालीस बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। इनकी पहुंच देश की अट्ठानबे प्रतिशत आबादी तक है।

आकाशवाणी का विदेश सेवा विभाग भारतवंशियों को एकजुट करते हुए विश्व के एक सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज पहुंचा रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श पर आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग रेडियो प्रसारण के सर्वोच्च मानकों का अनुपालन करते हुए चौबीसों घंटे सभी प्रमुख भाषाओं और बोलियों में समाचारों और समाचार कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा स्वराज द्वीप में पारदर्शी कयाक संचालन के लिए पर्यटन हितधारकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पहल अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह जलक्रीड़ा दिशा–निर्देश, 2015 के अंतर्गत कराए गए जोखिम आकलन प्रतिवेदन की अनुशंसा के आधार पर प्रस्तावित की गई है। इसके तहत स्वराज द्वीप के नीम–ओ–रीफ–जेटी क्षेत्र में पारदर्शी कयाकिंग गतिविधियों के संचालन की अनुमति देने की योजना है। प्रस्तावित संचालन क्षेत्र जेटी से नीम–ओ–रीफ तक विस्तृत है, जिसके भौगोलिक निर्देशांक निर्धारित किए गए हैं। इस क्षेत्र को कयाकिंग गतिविधियों के लिए उपयुक्त माना गया है। इस पहल का उद्देश्य मौजूदा जेटी–लाइटहाउस कयाकिंग क्षेत्र में भीड़ कम करना तथा पर्यटन हितधारकों को अतिरिक्त अवसर प्रदान करना है, साथ ही प्रभावी निगरानी और विनियमन सुनिश्चित करना है। नीम–ओ–रीफ क्षेत्र अपनी समृद्ध समुद्री जैव विविधता तथा जल के नीचे स्थित वनस्पति एवं जीव–जंतुओं के लिए जाना जाता है। पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में केवल पारदर्शी कयाक संचालन की अनुमति दी जाएगी। इच्छुक कयाक संचालक, केंद्र एवं पर्यटन हितधारक 12 जून तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

फरारगंज विकास खंड के छोलदारी गाँव में पिछले दिनों 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र में सतत् कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख वैज्ञानिक एवं टीम लीडर डॉ. पी. के. सिंह ने की। कार्यक्रम में कुल 25 किसानों ने भागीदारी की। डॉ. पी. के. सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि वर्षों से रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि भूमि की उत्पादकता में गिरावट आई है। उन्होंने ढैंचा जैसी हरी खाद की फसल, संतुलित एन. पी.के. उर्वरक उपयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने पर बल दिया। जलीय कृषि वैज्ञानिक चित्तरंजन राउल ने धान की खेती में एजोला के उपयोग पर तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने स्थानीय

जलीय खरपतवारों के उपयोग से खाद निर्माण की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कृषि अर्थशास्त्र विशेषज्ञ डॉ. शरद येलिगर ने किसानों से संवाद करते हुए द्वीपों में बदलते कृषि परिदृश्य पर चर्चा की।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार रोइंग एसोसिएशन द्वारा चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल खेलो इंडिया जल क्रीड़ा परिसर, सिप्पीघाट में 13 जून को प्रातः 6 बजे से शुरू होगा। इस चयन ट्रायल का उद्देश्य अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की रोइंग टीम का चयन करना है, जो आगामी अंडर–23 राष्ट्रीय रोइंग चौंपियनशिप 2026 में भाग लेगी। यह प्रतियोगिता 24 जून से 27 जून तक महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित की जाएगी, जिसका आयोजन रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आर्मी रोइंग नोड, पुणे के सहयोग से किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीकरण इन नंबर 9434–284–756 पर करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 जून है।

<><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी की गई है। यह प्रवेश प्रक्रिया कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। आवेदन 15 जून से 14 जुलाई तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार अपने दावे एवं आपत्तियाँ ऑफलाइन जी.बी. पंत अस्पताल स्थित पुराने ओपीडी भवन में प्रस्तुत कर सकेंगे। अंतिम मेरिट सूची 29 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी तथा काउंसलिंग की संभावित तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद के अध्यक्ष द्वारा एक पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विवाद समाधान योजना के अंतर्गत की जा रही है। इसके तहत विधिक परामर्शदाता के एक पद पर संविदा आधार पर मार्च 2027 तक के लिए नियुक्ति की जाएगी। यह पद अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उद्योग निदेशालय, श्री विजयपुरम में स्थित होगा।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल जहाज की श्री विजयपुरम यूनिट 24 जून को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पाँच बजे तक ब्रिचगंज बैफल रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगी। इस फायरिंग अभ्यास का उद्देश्य प्रशिक्षण एवं

परिचालन तैयारी को सुदृढ़ करना है। इस दौरान आसपास रहने वाले नागरिकों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है।

<><><><><><><>

आइलैंड जॉइन्ट ऑटों यूनियन्स फेडरेशन की 20 मई को सम्पन्न हुई बैठक में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में जी. श्रीनिवासन, उपाध्यक्ष के रूप में रामाराव, महासचिव के. अनबलागन सहित विभिन्न पदों पर उप महासचिव, सचिव, संगठन सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

<><><><><><><>